31.01.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी।
- प्रदेश में चल रहे ग्राम उत्थान शिविरों से अब तक 28 लाख लोगों को फायदा पहुंचाया गया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिभावकों से बोर्ड परीक्षाओं के दौरान घर के माहौल को तनावरहित बनाने की अपील की है।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए 12 जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया।

000

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। वित्त मंत्री बजट के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों के महाविद्यालयों से आए तीस विद्यार्थियों से बात भी करेंगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री के बजट भाषण का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जायेगा। केन्द्रीय बजट के मद्देनजर आकाशवाणी जयपुर से प्रसारित होने वाले दोपहर एक बजे के बुलेटिन की अवधि 5 मिनिट से बढ़ाकर 10 मिनट कर दी गई है। साथ ही दोपहर तीन बजे राजस्थानी में विशेष बजट बुलेटिन भी प्रसारित किया जायेगा।

000

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा है कि कल पेश होने वाला केंद्रीय बजट आम आदमी को मजबूत बनाने और विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। आज झुंझुनूं दौरे के समय उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा सर्वहित को ध्यान में रखकर काम किया है। श्री राठौड़ ने विश्वास जताया कि आने वाले बजट से केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियां और स्पष्ट होंगी।

000

कल आने वाले केन्द्रीय बजट को लेकर शिक्षा जगत और विशेषज्ञों ने अपनी अपेक्षाएं साझा की हैं। पाली के राजकीय बांगड़ महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष भाटी ने सुझाव दिया है कि सरकार को इनकम टैक्स और जीएसटी की दरों में कमी करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि करों में कटौती से महंगाई कम होगी, जिससे सीधे तौर पर आमजन को लाभ मिलेगा।

000

प्रदेश में ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से 28 लाख लोगों को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज टोंक जिले के निवाई में ग्राम उत्थान शिविर को संबोधित करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक 941 शिविर लगाये जा चुके हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

000

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने पशुपालकों के लिए क्रेडिट राशि बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दी है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि वर्ष 2027 तक खेती और उद्योगों के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं से मन लगाकर पढ़ने की अपील करते हुए कहा कि अब प्रदेश में कोई पेपर लीक नहीं होगा और भर्तियों के लिए कैलेंडर जारी किया गया है।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और राजीविका के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया।इस दौरान उन्होंने टोंक जिले को 370 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी।

000

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज बीकानेर के राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित किए। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 1 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र और व्हीलचेयर प्रदान किए गए। श्री मेघवाल ने कहा कि ये उपकरण लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके दैनिक जीवन को सुगम करने में सहायक होंगे। इसके बाद, कानून मंत्री ने उदयरामसर में विकसित भारत–जी राम जी जन–जागरण अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित किया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करेंगे। इस वार्षिक आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिना तनाव के परीक्षा देने के लिए प्रेरित करना और उनमें आत्मविश्वास जगाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री बच्चों को धैर्य बनाए रखने के सुझाव देंगे और अभिभावकों और शिक्षकों के साथ मार्गदर्शन साझा करेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश जारी कर अभिभावकों से परीक्षाओं के दौरान घर के माहौल को हल्का–फुल्का और तनावरहित बनाये रखने की अपील की है।

000

देश में नीट पीजी के तीसरे राउंड की काउंसलिंग की प्रक्रिया दोबारा शुरू हो गई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने बताया कि काउंसलिंग पोर्टल को नए पंजीकरण के लिए भी खोल दिया गया है। पात्र उम्मीदवारों को अवसर देने के लिए काउंसलिंग के इस चरण में कुछ अतिरिक्त सीटें भी जोड़ी गई हैं। उम्मीदवारों को मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उपलब्ध विकल्पों को चुनने की सलाह दी गई है। प्रवेश से जुड़ी विस्तृत जानकारी और दिशा–निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

000

झुंझुनूं जिले के प्रभारी सचिव नवीन जैन ने आज एक निजी विद्यालय में बच्चों को 'स्पर्श' अभियान के तहत गुड टच–बैड टच की जानकारी दी। प्रभारी सचिव ने कहा कि बच्चों को सतर्क बनाकर अपराधों पर रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि भविष्य में शिक्षकों को भी इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

000

प्रदेश के 12 जिलों में आज बारिश और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर और कोटा संभाग में तेज हवा और गरज के साथ बरसात की संभावना जताई है। राजधानी जयपुर और कोटा सहित कई जिलों में सुबह से ही बादल छाये हुए है। हालांकि उत्तरी हवाओं के कमजोर पडने और दिन में तेज धूप निकलने के कारण तापमान में बढोतरी हुई है। जयपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, दौसा समेत कई जिलों में पारा 2 डिग्री तक बढा है। वहीं कोटा में न्यूनतम तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हुई है। आज सबसे कम 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान अलवर में रिकॉर्ड किया गया।

000

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भारत में रामसर नैटवर्क में दो और नये नम भूमि क्षेत्रों को शामिल करने की घोषणा की है। ये इलाके उत्तर प्रदेश में एटा जिले के पटना पक्षी अभयारण्य और गुजरात में कच्छ जिले के छारी–ढांड में स्थित हैं। श्री यादव ने बताया कि देश में रामसर स्थलों की संख्या बढकर 98 हो गई है।

000

जयपुर के कानोता, चंदलाई और नेवटा बांधों के पानी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं। केन्द्र सरकार की विशेषज्ञ टीमें इन तीनों बांधों पर वैज्ञानिक अध्ययन कर रही हैं। यह टीमें जल की गुणवत्ता सुधारने और प्रदूषण के कारणों की पहचान कर रही हैं। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि विशेषज्ञ जल्द ही इसकी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेंगे।

इस रिपोर्ट में आधुनिक तकनीक से जल उपचार, जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण पर्यटन विकसित करने की योजना शामिल होगी।

000